समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# CSK से हारकर प्लेऑफ से बाहर हुई KKR? इन 2 टीमों की हुई बल्ले-बल्ले, जानिए प्लेऑफ का गणित।

Publisher

Published on 08 May 2025




**आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी एमएस धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर उनका भी खेल बिगाड़ दिया.**

IPL 2025 के प्लेऑफ से बाहर हो चुकी एमएस धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स ने बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर उनका भी खेल बिगाड़ दिया. केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे. लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की शुरुआत बेहद खराब रही थी, उनके 5 विकेट मात्र 60 रनों पर पवेलियन लौट गए थे. इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस (52) और शिवम दुबे (45) ने शानदार पारी खेलकर सीएसके को जीत दिलाई.

डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंदों में 52 रन बनाए, इसमें उन्होंने 4 छक्के और इतने ही चौके जड़े. शिवम दुबे ने 40 गेंदों में 45 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली. धोनी ने संभलकर खेला और 18 गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे. 2 गेंद रहते लक्ष्य को हासिल कर सीएसके ने 2 विकेट से जीत दर्ज की. सीएसके प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो गई थी, लेकिन ये सम्मान की लड़ाई थो जो धोनी एंड टीम ने जीता.

KKR प्लेऑफ की दौड़ से बाहर ?
नहीं, अभी आधिकारिक रूप से टीम बाहर नहीं हुई है लेकिन उसका प्लेऑफ में पहुंचना थोड़ा मुश्किल जरूर हो गया है. केकेआर की ये सीजन की छठी हार थी. 12 मैचों के बाद अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली इस टीम के 11 अंक हैं, वह तालिका में छठे नंबर पर है. अब अगर वह अपने दोनों मैच जीते तो उसके अधिकतम 15 अंक हो सकते हैं, ऐसे में उसका प्लेऑफ में पहुंचना अब अन्य टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा.

## इन 2 टीमों को हुआ फायदा

अभी आधिकारिक रूप से कोई टीम प्लेऑफ में अपनी जगह कन्फर्म नहीं कर पाई है, हालाँकि कोलकाता नाइट राइडर्स की हार से लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स को फायदा हुआ है जो अभी अंक तालिका में क्रमश 7वें और 5वें नंबर पर है. दिल्ली ने 11 में से 6 मैच जीते हैं और वह अधिकतम 19 अंकों तक पहुंच सकती है. लखनऊ ने 11 में से 5 मैच जीते हैं और ऋषभ पंत की कप्तानी वाली ये एलएसजी 16 अंकों तक पहुंच सकती है.

## प्लेऑफ में पहुंचने की मजबूत दावेदार

गुजरात टाइटंस अभी अंक तालिका में सबसे ऊपर है, उसने 11 में से 8 मैच जीते हैं. आरसीबी ने भी 11 में से 8 मैच जीते हैं. दोनों के 16-16 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट गुजरात (0.793) का आरसीबी (0.482) से बेहतर है. दोनों को प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए 1-1 जीत और चाहिए.

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस क्रमश तीसरे और चौथे नंबर पर है. पंजाब ने 11 में से 7 और मुंबई ने 12 में से 7 मैच जीते हैं. पंजाब के 15 अंक हैं, उसके 3 मैच बचे हुए हैं जिनमें से उसे 2 मैच जीतने हैं. 1 जीत के साथ भी टीम अन्य टीमों के खराब प्रदर्शन से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर सकती है.

मुंबई इंडियंस के 2 मैच अभी बचे हुए हैं, उसे दोनों मैच जीतने होंगे. अगर एक मैच हारा तो उसका प्लेऑफ में पहुंचना अन्य टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा. हार्दिक पांड्या एंड टीम के लिए अच्छी बात ये हैं कि उसका नेट रन रेट (1.156) सभी टीमों में सबसे बेहतर है.

## IPL 2025 प्लेऑफ में पहुंचने के लिए कम से कम कितने अंक चाहिए ?

अभी 16 अंक वाली टीमें भी प्लेऑफ में क्वालीफाई नहीं कर पा रही है, क्योंकि 4 टीमें और हैं जो यहां तक पहुंच सकती है जबकि 2 टीमें पहले ही इतने अंक हासिल कर चुकी है. इसलिए अभी 18 अंकों के साथ टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करेगी. हालांकि 16 अंकों के साथ भी टीम अच्छे नेट रन रेट के साथ प्लेऑफ में पहुंच जाएगी अगर अन्य टीमों के नतीजे उसके पक्ष में आए.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.